प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- प्रदेश में होने वाले निकाय और पंचायत चुनाव के मद्देनजर फील्ड पोस्टिंग वाले अधिकारियों के तबादलों पर रोक लगी।
- राज्य में निशुल्क दवा योजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 14 करोड़ रोगी लाभान्वित हुए।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा हाडौती क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढावा दिया जायेगा।
- प्रदेश का एक बडा हिस्सा घने कोहरे की चपेट में–जनजीवन के साथ परिवहन सेवाएं भी प्रभावित।

.........................

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में होने वाले नगर निकाय और पंचायत चुनावों को देखते हुए फील्ड पोस्टिंग वाले अधिकारियों के तबादलों और पोस्टिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके साथ ही जो अधिकारी अपने गृह क्षेत्र में पदस्थापित है, उन्हें 28 फरवरी तक हटाने के निर्देश दिए गए है। आयोग ने साफ किया है कि एक स्थान पर तीन साल या उससे ज्यादा समय से काम कर रहे अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से स्थानान्तरित किया जायेगा। इसके लिए 30 अप्रैल तक की तारीख तय की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार ये निर्देश चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ लागू होंगे और चुनाव प्रकिया पूरी होने तक प्रभावी रहेंगे। आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने के काम में लगे अधिकारियों के तबालदलों को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किये है। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन होने तक एसडीएम, तहसीलदार और वोटर लिस्ट तैयार करने की प्रकिया से जुडे अधिकारियों का स्थानान्तरण नहीं किया जायेगा।

.........................

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में राजस्थान की प्रगति और प्रयासों की सराहना की है। श्री नड्डा ने कल नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। श्री नड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, टीबी मुक्त भारत अभियान निशुल्क दवा और जांच सेवायें तथा अन्य कार्यक्रमों में राजस्थान में बेहतरीन काम हुआ है। श्री नड्डा ने प्रदेश में फरवरी महीने में 100 दिन का टीबी मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नकली दवाईयों और दवाओं के अवैध कारोबार पर भी प्रभावी रूप से रोकथाम लगाने को कहा। बैठक में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खीवसर ने बताया कि राज्य में संवेदनशील आबादी में टीबी की 97 प्रतिशत स्क्रीनिंग कर राजस्थान देश में अग्रणी रहा है। वहीं निशुल्क दवा योजना में चालू वित्त वर्ष्ज्ञ में नवम्बर महीने तक करीब 14 करोड रोगियों को लाभान्वित किया गया है।

.........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि हाडौती क्षेत्र की विरासत गाथायें और सांस्कृतिक परम्पराएं इस क्षेत्र को विशिष्ट पहचान देती है। इस क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को तलाशने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री बिरला कल कोटा हाडौती ट्रेवल मार्ट के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चम्बल सफारी बूंदी का तारागढ एतिहासिक किला और हाडौती क्षेत्र के पारम्परिक मेले और उत्सव पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। आने वाले समय में चम्बल क्षेत्र में सफारी गतिविधियों को और बेहतर बनाया जायेगा।

.........................

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल अलवर में जनसुनवाई की और लोगों की परिवेदनाओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री यादव ने जनसुनवाई में आई 534 शिकायतों के बारे में पूरा फीडबैक लिया। जनसुनवाई के दौरान श्री यादव ने स्थानीय निवासियों की मांग पर खेलों को बढावा देने के लिए शाहजहांपुर में खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने के लिए चार करोड़ रूपये की मंजूरी दी।

..........................

अरावली क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रदेश के 20 जिलों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत खनिज विभाग, प्रशासन और पुलिस की ओर से संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में जयपुर जिले में बीते पांच दिनों में 50 वाहन जब्त कर 50 लाख से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सात मामले दर्ज किये गये।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के महान विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

..........................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव **ने बताया है** कि मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में महाराष्ट्र के पालघर में विरार और बोइसर को जोड़ने वाली लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। महाराष्ट्र के पालघर में हाई स्पीड टनल ब्रेक–थ्रू कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने यह बात कही।

..........................

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों की आय बढ़ाना केंद्र सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। श्री चौहान ने नासिक में बताया कि किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास जारी रहेंगे।

..........................

प्रदेश का बडा हिस्सा घने कोहरे की चपेट में है। वहीं कुछ स्थानों पर शीतलहर का प्रकोप जारी है। राज्य में जैसलमेर, जालौर, बारां, चूरू, नागौर और करौली सहित कई स्थानों पर घने कोहरे से दृश्यता आज भी काफी कम है। इससे सामान्य जनजीवन के साथ परिवहन सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। कई रेलगाडियां देरी से चल रही है। वहीं उड़ानों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। प्रदेश के दस शहरों में कल पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में भी दिनभर बादल छाये रहे। सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि माउंटआबू में बीती रात पारा जीरो डिग्री सेल्सियस के करीब पंहुच गया। वहीं बादलो की आवाजाही और घनी धुंध तथा सर्द हवायें ठिठुरन और गलन बढ़ा रही है।

..........................

राजस्थान पुलिस का ऑपरेशन **वज्र प्रहार** साईबर अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और ठगी की राशि को फ्रीज करवाने के मामले में लगातार सफलता हासिल कर रहा है। साईबर काईम उप महानिरीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि साल 2025 में कई सुनियोजित अभियानों के जरिये साईबर ठगों पर नकेल कसी गई। इस दौरान करीब ढाई लाख संदिग्ध मोबाईल नम्बर और आईएमईआई ब्लॉक किये गये।

..........................